कार्यालय प्राचार्य शासकीय, डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ. ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय, (दुर्ग छ.ग.) फोन:- 0788-2323773
Email:- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

दिनांक : 31.08.2024

//प्रतिवेदन//

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सहा. प्रा. चित्रकला श्री योगेन्द्र त्रिपाठी, श्री खोमान साहू ग्रंथालय में बुक लिफ्टर की सेवानिवृति पश्चात् विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी अग्रवाल ने कहा– कि श्री योगेन्द्र त्रिपाठी जी विश्व स्तरीय कलाकार है। उन्होनें राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कार्यशाला का आयोजन कर महाविद्यालय को विशेष पहचान दिलवाई। चित्रकला अपने आप में अद्वितीय है चित्र बहुत कुछ कहते है, जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए। श्री खोमान साहू जी ग्रंथालय से सेवानिवृत्ति हो रहे है लेकिन रिटायरमेंट के पूर्व तक अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने कहा कि कलाकार कभी सेवानिवृत नहीं होता। वे अपनी कला साधना निरंतर लगे रहते है। भले ही उनका कार्यक्षेत्र बदल रहा हो। अपनी कला के माध्यम से संवेदनशील विषयों को भी जीवंतता प्रदान करते है। श्री योगेन्द्र त्रिपाठी जी ने कहा– कि संघर्षो के पश्चात सफलता मिलती है, आप जो सृजन करते हैं वह महत्वपूर्ण हैं किन्तु नियति भी हमें कुछ नवीन सृजन का अवसर प्रदान करती हैं। स्वैच्छिक सेवानिवृति के पश्चात् भी मैं मिट्टी से जुड़े कला, कलाकारो के लिए सदैव समर्पित रहूंगा। डॉ. मिलिंद अमृतफले ने अपने संझा करते हुए एक गाना प्रस्तुत किया। श्री पी. एस भास्कर जी, कु. तृप्ति खरे ने इस अवसर पर अपना विचार रखें। श्री योगेन्द्र त्रिपाठी जी एवं श्री खोमान साहू जी को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन नृत्य विभागाध्यक्ष डॉ. ऋया ठाकुर ने किया।

प्राचार्य
डॉ.डी.सी अग्रवाल